24.06.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10PM

प्रादेशिक समाचार

रानी दुर्गावती श्रद्धांजलि

राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महान वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। राज्यपाल पटेल ने लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में रानी दुर्गावाती के चित्र पर पुष्पांजलि अपिवत की। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में जबलपुर के पास रानी दुर्गावाती की समाधि स्थल नरई नाना में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

*मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए वीरांगना रानी दुर्गावती का शौर्य, अदम्य साहस और रणकौशल देश के गौरवशाली इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, जो विशेष रूप से बेटियों के लिए प्रेरणादायक है।*

सीएम–सेफ क्लिक 2.0 अभियान

मुख्यमंत्री मोहन यादव आज शाम भोपाल स्थित रवीन्द्र भवन में राज्य स्तरीय साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 का शुभारंभ करेंगे। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा संचालित इस विशेष अभियान का उद्देश्य नागरिकों को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखना तथा जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना भी उपस्थित रहेंगे। अभियान के तहत आमजन, विद्यार्थियों, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को साइबर ठगी, ऑनलाइन धोखाधड़ी और डिजिटल सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं के प्रति जागरूक किया जाएगा, ताकि वे सुरक्षित साइबर व्यवहार अपना सकें।

राज्य वित्त आयोग– भोपाल दौरा

राज्य वित्त आयोग के सदस्य आज भोपाल संभाग के दौरे पर हैं। आयोग नगरीय निकायों एवं पंचायती राज संस्थाओं की वित्तीय स्थिति को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से सुझाव ले रहा है। राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया सहित सदस्य वी.आई.पी. सर्किट हाउस में सांसद, विधायक और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर रहे है। आयोग की टीम संभाग आयुक्त कार्यालय में अधिकारियों के साथ वृहद समीक्षात्मक बैठक भी करेगी। बैठक में निकायों की वित्तीय मजबूती, स्वच्छता, पेयजल और राजस्व स्रोतों में वृद्धि के उपायों पर चर्चा होगी।

नीति आयोग–युथ स्टार्टअप चैलेंज

देश के युवा–नेतृत्व वाले छह स्टार्टअप ने यूथ को–लैब नेशनल इनोवेशन चैलेंज 2026 के 8वें संस्करण में जीत हासिल की। यह पहल संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम– यू.एन.डी.पी. इंडिया और सिटी फाउंडेशन द्वारा अटल इनोवेशन मिशन नीति आयोग के सहयोग से चलाई जा रही है और टी–हब फाउंडेशन द्वारा कार्यान्वित की जा रही है। इस वर्ष चैलेंज के लिए 28 राज्यों के स्टार्टअप से 350 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। 50 उच्च–क्षमता वाले स्टार्टअप को नेशनल स्प्रिंगबोर्ड

प्रोग्राम के लिए चुना गया। अंतिम मूल्यांकन के बाद, छह स्टार्टअप को उनके उच्च–प्रभाव वाले समाधानों के लिए चुना गया।

## रोजगार–कौशल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में रोजगार के क्षेत्र में सतत रूप से नवाचारों की आवश्यकता है। प्रदेश में धार्मिक, प्राकृतिक, पुराधरोहर से संबंधित पर्यटन क्षेत्र समृद्ध है। कल मंत्रालय में कौशल विकास और रोजगार विभाग की समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटकों को आवश्यक मार्गदर्शन के लिए गाइड की व्यवस्था को सशक्त बनाने और विभिन्न व्यंजनों का आनंद दिलवाने के लिए कार्य की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। युवाओं को बड़ी संख्या में इन कार्यों से रोजगार मिलेगा। कौशल विकास और रोजगार विभाग का पर्यटन विभाग से तालमेल स्थापित कर यह कार्य संभव है। इसी तरह के रोजगारपरक कार्य दिलवाने के लिए विभिन्न विभाग नवाचार कर सकते हैं।

## हॉकी इंडिया टीम

हॉकी इंडिया ने 5 से 14 जुलाई तक ब्रिटेन दौरे के लिए 24 सदस्यीय जूनियर महिला टीम की घोषणा कर दी है। भारतीय टीम नए कोच टिम व्हाइट के नेतृत्व में जूनियर एशिया कप सहित आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारी के सिलसिले में स्कॉटलैंड और इंग्लैंड में सात मैच खेलेगी। खैदेम शिलेमा चानू युवा टीम की कमान संभालेंगी जबकि निधि और एंगिल हर्षा रानी मिंज गोलकीपर की जिम्मेदारी दी गई है। नौ दिवसीय दौरे की शुरुआत स्कॉटलैंड सीनियर महिला टीम के खिलाफ दो मैचों से होगी। इसके बाद अमरीका, इंग्लैंड और बेल्जियम की जूनियर टीमों के खिलाफ मैच खेले जाएंगे।

## मौसम

अब बात मौसम की। प्रदेश में मानसून की आहट शुरू हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले दो–तीन दिनों में बालाघाट, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा के रास्ते प्रदेश में मानसून दाखिल हो सकता है। मौसम विभाग ने मुताबिक आज प्रदेश के 42 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश के आसार हैं। ग्वालियर, भिंड, मुरैना सहित कई जिलों में गर्मी का असर बना रहेगा।

## संक्षेप समाचार

– नर्मदापुरम जिले में उमरिया स्थित आश्रम परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम में 1100 पौधे लगाने का सामूहिक संकल्प लिया गया।

– आगरमालवा के बड़ौद में दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायक उपकरण शिविर में हितग्राहियों को मौके पर ही कृत्रिम हाथ–पैर और कैलीपर्स बांटे गए।

– शिवपुरी में जिला प्रशासन ने कोचिंग और शैक्षणिक संस्थानों निरीक्षण के दौरान फायर सेफ्टी नियमों में लापरवाही बरतने पर 8 संस्थानों को सील कर दियाहै।

– गुना कलेक्टर के आदेश के मुताबिक, आगामी 23 अगस्त तक रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर और ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।